## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े 30 हजार से अधिक पदों को सितंबर तक भरने के दिये निर्देश।
2. वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नीतेश व्यास की अध्यक्षता में चुनाव आयोग की छह सदस्यीय टीम दो दिवसीय दौरे पर आज आयेगी रांची, विधानसभा चुनाव की तैयारियों की होगी समीक्षा।
3. भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने एचईसी को आर्थिक संकट से उबारने के लिए मंत्रालय और भेल के अधिकारियों से मांगे सुझाव और प्रस्ताव।
4. केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रांची स्थित रिम्स में विश्राम सदन का किया उदघाटन, कहा– राज्य की समस्याओं को मुख्यमंत्री से मिलकर सुलझायेंगे।
5. राज्य में कमजोर पड़े मानसून के कल से फिर सक्रिय होने की संभावना, मौसम विभाग ने रांची, दुमका और हजारीबाग समेत 13 जिलों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों की भी जानकारी ली। बैठक में श्री सोरेन ने अधिकारियों को सितंबर के अंत तक लगभग 30 हजार रिक्त पदों पर नियुक्ति पूरा करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में मानव संसाधन की कमी से सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

*****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की विधि व्यवस्था पर फिर सवाल उठाये हैं और हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि झामुमो–कांग्रेस के कुशासन से पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल व्याप्त है।

*****************

राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज हो गयी है। इस कड़ी में भारत निर्वाचन आयोग की एक टीम आज दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रही है। पतरातू में यह टीम दो दिनों तक विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेगी। टीम में सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर नीतेश व्यास और धर्मेन्द्र शर्मा के साथ छह अन्य अधिकारी शामिल हैं। पहले दिन आयोग की टीम राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार और राज्य निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी जबकि कल जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक होगी।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपॉस्ल प्रदान किया गया। श्री मोदी ने इसके लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

*****************

भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने एचईसी को आर्थिक संकट से निकालने के लिए मंत्रालय और सेल के अधिकारियों से सुझाव और प्रस्ताव मांगे हैं। वे कल नयी दिल्ली में भारी उद्योग मंत्रालय और सेल के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री ने अधिकारियों से जानना चाहा है कि एचईसी को भेल और रक्षा मंत्रालय के साथ किस तरह टैग किया जा सकता है। इसके साथ ही एचईसी के पुनरुद्धार के अन्य उपायों पर भी चर्चा की गयी।

*****************

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत झारखंड के दस दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे रांची में 12 से 14 जुलाई तक अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारकों की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में देशभर के सभी प्रांत प्रचारक मौजूद रहेंगे।

*****************

लोहरदगा जिले में पिछले 15 दिनों से बॉक्साइट ट्रैकों की हड़ताल के कारण बाजार की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है।

*****************

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कल शाम रांची के रिम्स स्थित विश्राम सदन का उद्घाटन किया। 310 बेड वाले इस विश्राम सदन का निर्माण पावर ग्रिड की ओर से कराया गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य की समस्याओं के निदान के लिए वे गंभीर हैं।

*****************

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर को टीम इंडिया का नया मुख्य कोच बनाया है। उन्होंने राहुल द्रविड़ की जगह ली है। गंभीर को नया मुख्य कोच बनाए जाने की घोषणा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने की।

*****************

राज्य में पिछले कुछ दिनों से कमजोर पड़े मानसून के कल से फिर सक्रिय होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि कल रांची, दुमका, हजारीबाग, देवघर, गिरडीह, गोड्डा, जामताड़ा, साहिबगंज, धनबाद, खूंटी, बोकारो और गुमला में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार रांची में 15 जुलाई तक बादल छाने और हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरन द्वारा विभिन्न विभागों की समीक्षा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– मुख्यमंत्री ने की विभागों की समीक्षा, रिक्तियों को भरने का दिया निर्देश।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– झारखंड में अब विधानसभा चुनाव के बाद होगा नगर निकाय का चुनाव।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– हर हाल में अपराध पर लगाम लगायें।

दैनिक जागरण लिखता है– बेऊर जेल में बंद संतोष के इशारे पर डीपी ज्वेलर्स में हुई थी लूटपाट।

रांची एक्सप्रेस ने बरही के पूर्व विधायक और विधायक पुत्र के समर्थकों के बीच हाथापाई की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रुसी राष्ट्रपति वलादिमीर पुतिन के बीच हुई शिखर वार्ता की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

********************